website and whats app group

कार्यालय–सचिव, औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, मोहान रोड, लखनऊ।

पत्रांक–सी -1564 /औ0प्रा0शि0प0/वा0प0 2026/2026–27 दिनांक– 20.05.2026

समस्त प्रधानाचार्य,
विभागीय मान्यता/सहायता प्राप्त औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थायें, उ0प्र0

विषयः– वार्षिक परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का विवरण उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक सन्दर्भ में सूच्य है कि, वार्षिक परीक्षा 2026 माह जुलाई 2026 के द्वितीय सप्ताह में सम्पन्न करायी जानी है, इस हेतु निम्नवत निर्देशित किया जाता है,

1. वार्षिक परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले **पात्र परीक्षार्थियों की सूची**, प्रवेश फार्म के प्रथम पेज की छायाप्रति (जिसमें प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षिक योग्यता, जन्मतिथि, जाति, प्रवेश तिथि आदि का पूर्ण विवरण अंकित हो) एवं परीक्षा शुल्क से सम्बन्धित ट्रेजरी की मूल प्रति दिनांक–05.06.2026 तक व्यक्तिगत अथवा स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से परिषद कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
2. इनरोलमेन्ट हेतु परीक्षार्थियों की सूची अग्रेंजी के बड़े अक्षरों (Capital Letters) में फान्ट साइज–14 में हाईस्कूल अंकपत्र के आधार पर एक्सेल पर टाइप कराकर दिनांक–05.06.2026 तक परिषद की ईमेल–आईडी itecuplko@gmail.comपर भेजना अनिवार्य है।
3. विगत वर्षो में देखा गया है कि, सूची में परीक्षार्थियों के नाम की स्पेलिंग में बहुत सी त्रुटियां होती है। अतः सूची टाइप कराने के पश्चात परीक्षार्थियों के विवरण की जांच करने के बाद ही मेल करें। यह भी पाया गया है कि, कुछ संस्थाओं द्वारा परीक्षार्थियों की सूची की फोटो खींचकर मेल की गयी है जो साफ्टवेयर में स्थानान्तरित नहीं हो पायीं उन्हें कार्यालय में पुनः टाइप कराना पड़ा, अतः एक्सेल फाइल ही मेल पर भेजे।

परीक्षा शुल्क का विवरण एवं प्रेषित की जाने वाली सूची का प्रारूप संलग्न है। कृपया तदनुसार ही सूचनायें प्रेषित करें।

संलग्नक–यथोक्त

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार–

प्रतिलिपि–निम्न की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1.निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।

2.उप निदेशक/योजनाधिकारी, (परीक्षा–अनुदान) निदेशालय समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।

सचिव

प्रारूप प्रपत्र–1

नोट–प्रोफार्मे में उल्लिखित सभी प्रविष्टियां अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में फॉन्ट साइज 14 पर एक्सेल पर टाइप करायें।

वार्षिक परीक्षा–2026

संस्था का नाम– ट्रेड का नाम–

संस्था का कोड– वर्ष–

क्र0 सं0	परीक्षार्थी का नाम हाईस्कूल के आधार पर	पिता का नाम हाईस्कूल के आधार पर	जाति	उपजाति	प्रशिक्षण अवधि	प्रवेश तिथि	जन्मतिथि	पता

हस्ताक्षर एवं मुहर
संस्था प्रधानाचार्य

प्रारूप प्रपत्र–2

परीक्षा शुल्क का विवरण

अनुसूचित जाति/जनजाति के परीक्षार्थियों के लिये–50 रू0 प्रति परीक्षार्थी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के परीक्षार्थियों के लिये–100 रू0 प्रति परीक्षार्थी।

शुल्क जमा करने का लेखाशीर्षकः–

0235–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण
60–सामाजिक सुरक्षा और कल्याण कार्यक्रम
800–अन्य प्राप्तियां
01–समाज कल्याण विभाग की प्रकीर्ण प्राप्तियां।

(पी0के0मिश्रा)
सचिव